Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding need to develop the operation theatre of Leprosy Research Institute, Raipur, Chhattisgarh-Laid.

श्री सुनील कुमार सोनी (रायपुर) :रायपुर स्थित कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र में न केवल छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती राज्य जैसे उड़ीसा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश के अलावा भी अन्य राज्यों से कुष्ठ रोगी अपने इलाज हेतु आते हैं । उक्त अनुसंधान केन्द्र मध्य भारत का वृहद कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र है । वर्तमान में उक्त केन्द्र के आपरेशन थियेटर को विकसित किए जाने की आवश्यकता है ।

उक्त कुष्ठ अनुसंधान केन्द्र लगभग 12 एकड़ जमीन के क्षेत्रफल में स्थित है । यदि अनुसंधान केन्द्र के क्षेत्रफल का उचित उपयोग किया जाए तो अनेक सुविधाएं विकसित की जा सकती है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त विषयों पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई की जाए ।